आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, दो हजार तेईस प्रदान किये।
- ग्रुप–सी मैट्रिक और हायर सेकेण्डरी स्तर के चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल के द्वारा 4जी नेटवर्क की शुरूआत के बाद से ग्राहकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।
- कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने रंगत तहसील के मगरनाला पुल के लिए निविदा आमंत्रित करने का अनुरोध किया है।
- पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, दो हजार तेईस प्रदान किये। यह पुरस्कार नौ श्रेणियों में अड़तीस विजेताओं को दिए गये। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समुदाय शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जलजीवन मिशन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिशा को, द्वितीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश को और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से गुजरात और पुद्दुचेरी को दिया गया। प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी तथा नकद धनराशि दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा नौ जुलाई को प्रशासन के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों के लिए ग्रुप–सी मैट्रिक स्तरीय लिखित परीक्षा ली गई थी। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। कुल पांच सौ सत्तानब्बे रिक्तियों में से चार सौ बहत्तर पदों को भरा गया है। एक सौ पच्चीस पद रिक्त हैं। हायर सेकेण्डरी स्तर के कुल नब्बे चयनित उम्मीदवारों की सूची के साथ ही प्रतीक्षा सूची के सत्तर उम्मीदवारों की भी सूची जारी कर दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा नौ जुलाई को प्रशासन के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों के लिए ग्रुप–सी मैट्रिक स्तरीय लिखित परीक्षा ली गई थी। नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग में अंतिम चयन सूची में शामिल वेटमैन और बहु उद्देशीय कर्मियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों को चौबीस अक्तूबर को सुबह दस बजे विभाग में अपने मूल दस्तावेजों और प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल के द्वारा 4जी नेटवर्क की शुरूआत के बाद से ग्राहकों की संख्या पिछले छह महीनों में पचहत्तर लाख से बढ़कर एक करोड़ अस्सी लाख हो गई है। आज नई दिल्ली में बीएसएनएल के नए लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि भारत विश्व के उन छह देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपना 4जी नेटवर्क विकसित किया है और जल्दी ही इसे 5जी नेटवर्क में बदला जाएगा। बीएसएनएल का नया लोगो विकास, पहुंच और विश्वास का प्रतीक है। श्री सिंधिया ने सात नई सेवाओं का शुभारंभ किया जिनमें– स्पैम–मुक्त नेटवर्क, राष्ट्रीय वाई–फाई रोमिंग, इंट्रानेट फाइबर टीवी, एनी टाइम सिम कियोस्क, डायरेक्ट–टू–डिवाइस सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत तथा खादानों में पहला निजी 5जी नेटवर्क हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय और राष्ट्रीय महासागर प्रौद्यागिकी संस्थान की ओर से कल चिड़ियाटापू में समुद्री शैवाल निदर्शन परियोजना का उद्घाटन मुख्य सचिव के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने रंगत तहसील के मगरनाला पुल के लिए निविदा आमंत्रित करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने मगरनाला में आर सी सी पुल का जल्द से जल्द निर्माण करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यह पुल जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुल सीतापुर और सबरी पंचायत के लोगों के लिए जीवन रेखा है। खराब मौसम में नाले के ऊपर से पानी के बहाव के कारण स्थानीय निवासियों को आवाजाही में असुविधा होती है। इसे देखते हुए पार्टी अध्यक्ष ने निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया है, ताकि निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सके।

<><><><><><><>

स्कूल के कार्यों में सुधार और छात्रों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैम्पबेल बे के गांधी नगर माध्यमिक विद्यालय में आज एक दिवसीय स्कूल प्रबंधन और विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक अजय सेठ ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए समिति के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने आर टी आई के प्रावधानों, व्यक्तिगत स्वच्छता, अनुदानों को सुनिश्चित करने, सामाजिक सुरक्षा और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

हैडो अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्कूल स्तरीय विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोहनपुरा स्कूल की प्रधानाचार्या एस भवानी मुख्य अतिथि और उप–शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रदर्शनी में कुल इक्कतीस नमूने प्रदर्शित किए गए। स्मार्ट वैक्यूम क्लीनर, टेसला कॉइल, राष्ट्रीय धरोहर स्थल, अग्निशमन रोबोट और डिजिटल कार पार्किंग प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने प्रदर्शनी का लोगो और विषय पर रंगोली भी बनाई।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–गुर्दे का रोग, समस्या और समाधान। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. शिवराम श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

अबरडीन पुलिस थाना ने जुआ खेलने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से करीब अस्सी हजार रूपये ज़ब्त किया। थाना प्रभारी विशाल राम के नेतृत्व में टीम ने आर जी टी रोड निवासी रितेश कुमार के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके पर सात लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर जुआ विनियम उन्नीस सौ इक्यावन के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य छापामारी अभियान में स्वराज द्वीप पुलिस की टीम ने निजी दुकान से तलाशी के दौरान अवैध रूप से चीरी हुई सत्ताईस पेडॉक की लकड़ी ज़ब्त की। इसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। यह पूरा अभियान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><><>

पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके पश्चिम–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए कल इसके चक्रवात में बदलने की संभावना है। यह चक्रवात चौबीस अक्तूबर को उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा। इस दौरान हवा की गति एक सौ दस किलोमीटर प्रतिघंटे से बढ़कर एक सौ बीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहेगी।

इस बीच, श्री विजयपुरम और इसके आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही रूक–रूककर वर्षा हो रही है। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सड़सठ मिलीमीटर, हटबे में इक्कतीस दशमलव छः, लांग आइलैंड में इक्कतीस दशमलव चार, श्री विजयपुरम में तेईस दशमलव पांच और वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। श्री विजयपुरम बंदरगाह में खतरे का संकेत नम्बर तीन लगा दिया गया है।

<><><><><><><>

डीब्रेट में बी.टेक कार्यक्रमों में खाली पड़े सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार कल दिन में ग्यारह बजे तक कॉलेज प्रवेश पोर्टल में आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ग्यारह बजे मौके पर प्रवेश के लिए संस्थान में रिपोर्ट करने को कहा गया है। नियमित कक्षाएं भी कल से ही आरंभ हो जाएगी। प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की कोई आयु सीमा नहीं है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए दिए गए नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>